# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 03-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆**साइबर क्राइम थाना सिद्धार्थनगर व थाना पथरा बाजार पुलिस के सहयोग से थानाक्षेत्र पथरा बाजार के कुल 08 शिकायतकर्ता के खाते से ऑनलाइन फ्राड किये गये कुल धनराशि ₹2,59,000/- को वापस कराया गया |**

डॉ. अभीषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल निर्देशन में अमित कुमार थानाध्यक्ष पथरा बाजार व साइबर क्राइम टीम द्वारा आनलाइन फ्राड के शिकार हुए 1.अंजू यादव पत्नी सुदेश यादव निवासी सेहरी बुजुर्ग थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ₹10,000/- 2. दुर्गेश कुमार दूबे पुत्र अवधेश दूबे निवासी बासापार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ₹30,000/- 3. ओम प्रकाश पुत्र हरिलाल निवासी सेहरी बुजुर्ग थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ₹20,000/- 4. रामलल्लन पुत्र स्व0 जगन्नाथ निवासी गनवरिया थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ₹1,27,500/- 5.सुमन पत्नी चन्द्रबली निवासी विशुनपुरवा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ₹10,000/- 6. विनीता पत्नी स्व0 हेमन्त कुमार पाठक निवासी खोरिया रघुवीर सिंह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ₹18,000/- 7. आशा देवी पत्नी भोला निवासी गौरी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ₹3,800/- 8. कृष्णा पुत्र तीरथ निवासी कम्हरिया बुजुर्ग थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से ₹40,000/- भिन्न भिन्न तिथियो मे कुल राशि 2,59,300/- रूपये वापस कराये गए। साइबर टीम व थाना पथरा बाजार पुलिस के इस सराहनीय कार्य के लिए उनके द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम-**

1- थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

2- उ0नि0 संतोष कुमार सिंह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

3- का0 विजय कुमार पासवान थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

4- म0का0 प्रतिभा सिंह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

5. का0 अजय कुमार विश्वकर्मा थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

6.हे0का0 अतुल चौबे साइबर थाना सिद्धार्थनग जनपद सिद्धार्थनगर।

7.का0 विशाल तिवारी साइबर थाना सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 03-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना क्षेत्र बांसी के स्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों के साथ बालको व बालिकाओं की सुरक्षा के सम्बंध में थाना स्थानीय पर गोष्ठी की गयी।**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देश के अनुपालन में, डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा आज दिनांक 03.09.2025 को थाना बांसी पर थाना क्षेत्र के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों के साथ मीटिंग की गई जिसमें बालक व बालिकाओं के सुरक्षा तथा अन्य विषयों पर व्यापक बातचीत की गई एक दूसरे से समन्वय स्थापित कर कार्य करने हेतु जागृत किया गया। प्रधानाचार्य, प्रबंधकों तथा अध्यापकों से विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियम तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों/साइबर अपराधो तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में भी जागरुक करने हेतु बताया गया। जिससे छात्र/छात्राएं निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ सकें। इस दौरान संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक बांसी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 03-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के प्रयास के 03 नफर वांछित अभियुक्तगण व 01 नफर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

दिनांक 27.08.2025 को थानाक्षेत्र गोल्हौरा के ग्राम अकोल्हिया निवासी बाल्मिकी पुत्र रामसेवक द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दिया गया कि प्रतिवादीगण द्वारा उनके पिता रामसेवक व माता रमावती को अनायास ही गाली-गुप्ता तथा जान माल की धमकी देते हुए मारा-पीटा गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 28.08.2025 को मु0अ0सं0 82/2025 धारा 115(2), 352, 351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसमें मजरूब रामसेवक पुत्र रामदत्त का इलाज के दौरान डा0 राममनोहर लोहिया हास्पिटल लखनऊ में दिनांक 31.8/01.09.2025 की रात्रि में मृत्यु हो गयी।

डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल निर्देशन में एवं राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा मयफोर्स द्वारा उपरोक्त मु0अ0सं0 से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तगण को आज दिनांक 03.09.2025 को इटवा बासी मार्ग शास्त्री नगर से गिरफ्तार किया गया तथा 01 नफर बाल अपचारी को तेलियाडीह भीटिया मार्ग से पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपरोक्त मु0अ0सं0 में मृतक रामसेवक पुत्र रामद्त्त व मजरूबा रामावती पत्नी स्व0 रामसेवक के मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा 110, 105, 117(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अन्य विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्तगण का विवरण-**

1. विदेशी पुत्र पांचू साहनी निवासी अकोल्हिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
2. धर्मेंद्र उर्फ गोलू पुत्र शिवकरन निवासी अकोल्हिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
3. बालकरण साहनी पुत्र फुलेराज निवासी अकोल्हिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
4. बाल अपचारी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. राजेश गुप्ता प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर ।
2. उ0नि0 रणविजय सिंह थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर ।
3. हे0का0 हनुमान मौर्या थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर ।
4. का0 रविकांत मिश्रा, रणविजय यादव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर ।

# प्रेस नोट दिनांक 03-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में साइबर जागरुकता / डिजिटल वॉरियर कार्यशाला कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 03.09.2025 को आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर जनपद सिद्धार्थनगर में साइबर जागरुकता / डिजिटल वॉरियर कार्यशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें साइबर अपराध से बचने के उपाय तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर क्राइम वेबसाइट www.cybercrime.gov.in व अन्य साइबर अपराध के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इस दौरान अरविन्द कुमार मौर्या प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जनपद सिद्धार्थनगर, रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना, मु0आरक्षी अतुल चौबे साइबर क्राइम, दिलीप कुमार द्विवेदी साइबर क्राइम, प्रदीप कुशवाहा थाना मोहाना सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**प्रेस नोट- दिनांक 03.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 03.09.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र बांसी मे तिलकराम इण्टर कालेज, सरदार पटेल इण्टर कालेज, मिठवल, कस्बा बांसी, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01-म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर

02.महिला मुख्य आरक्षी सुनीता एण्टी रोमियो स्क्वायड

03. आरक्षी श्री प्रकाश एंटी रोमियो स्क्वायड

04. महिला आरक्षी मंजू एंटी रोमियो स्क्वायड

05. महिला मुख्य आरक्षी कंचन एंटी रोमियो स्क्वायड

**प्रेस नोट- दिनांक 03.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आगामी त्यौहार ईद-उल-मिलादुन्नबी (बारावफात) के दृष्टिगत थाना डुमरियागंज पुलिस बल द्वारा सीआरपीएफ के जवानों के साथ कस्बा डुमरियागंज, बैदोला,कस्बा हल्लौर , बेवा में रूट मार्च किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में प्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर तथा जितेंद्र कुमार ओझा कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल, जगदीप सिंह सहायक कमांडेंट 91 वाहिनी द्रुत कार्य बल की उपस्थिति में आज दिनाँक 03.09.2025 को आगामी त्यौहार ईद-उल-मिलादुन्नबी (बारावफात) को सकुशल सम्बन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना डुमरियागंज के कस्बा डुमरियागंज, बैदोला, कस्बा हल्लौर, बेवा में रूट मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक 03.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति फेज-05 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में जनपद के थानों की महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा महिलाओं/छात्राओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक।**

**◆महिलाओं/बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता/ पिंक कोबरा (मिशन शक्ति) फेज-05 अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 03.09.2025 को मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद के थानों पर नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी/शक्ति दीदी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र की महिलाओं/ बालिकाओं/छात्राओं को सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया व ट्रैफिक नियम के बारे मे जानकारी दी गई तथा महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों/साइबर अपराधो के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## प्रेस नोट- दिनांक 03.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆आगामी त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा-व्यवस्था बनाये रखने व भविष्य मे किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर में "बलवा ड्रिल" का कराया गया पूर्वाभ्यास।

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा भविष्य में किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से आज दिनांक 03.09.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर में पुलिस टीम को दंगा/बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके सिखाये गये। अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ लाठी चार्ज/आँसू गैस के गोले और दंगाईयों पर रबर के गोले/एंटी राइट गन/रबर बुलेट गन/ टीयर गैस गन / हैंड ग्रेनेड / मिर्ची बम आदि शस्त्रों को चला कर पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों का क्रमवार अभ्यास कराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्म0गण मौजूद रहें।

प्रेस नोट दिनांक 03.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆साइबर जागरुकता / डिजिटल वॉरियर कार्यशाला के क्रम में थाना उसका बाजार पुलिस व व साइबर सेल द्वारा चन्द्रावती कालेज आफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइन्सेज सिद्धार्थनगर में कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 03.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य साइबर क्राइम थाना मय टीम जनपद सिद्धार्थनगर व थाना उसका बाजार टीम द्वारा चन्द्रावती कालेज आफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल साइन्सेज सिद्धार्थनगर में साइबर जागरुकता / डिजिटल वॉरियर सुरक्षा मे विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर अपराध से बचने हेतु जागरूक किया गया तथा हेल्पलाइन नंबर 1930' व साइबर क्राइम वेबसाइट www.cybercrime.gov.in व अन्य साइबर अपराध के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

पुलिस टीम का विवरण-

01. प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य साइबर क्राइम थाना सिद्धार्थनगर।
02. श्रीपति मौर्या उ0नि थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
03. HC दिलीप कुमार द्विवेदी साइबर क्राइम थाना जनपद सिद्धार्थनगर।
04. म0आरक्षी माला मौर्या थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट- दिनांक 03.09.2025 जनपद  सिद्धार्थ नगर**

**◆साइबर जागरुकता / डिजिटल  वॉरियर कार्यशाला के क्रम में सिद्धार्थ शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान करौंदा मसिना मे थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर व साइबर सेल  द्वारा कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 03.09.2025 को प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक/थाना प्रभारी रोहिनी यादव व थानाध्यक्ष मीरा चौहान थाना कोतवाली जोगिया उदयपुर  जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा प्रतीक सिंह सिद्धार्थ पोलिटेक्निक कालेज करौदा मसिना जनपद सिद्धार्थनगर मे Cyber awareness / डिजिटल  वॉरियर सुरक्षा मे  विद्यार्थियों को  जागरूकता करते हुए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे साइबर अपराध से बचने हेतु जागरुक किया गया तथा  हेल्पलाइन नंबर 1930' साइबर क्राइम लिंक, साइबर अपराध के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।**

**पुलिस टीम का विवरण-**
**01.थानाध्यक्ष मीरा चौहान थाना जोगिया उदयपुर सिद्धार्थनगर।**
**02.निरीक्षक मो0 दानिश आजम साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.उ0नि0 मुस्तकीम अंसारी थाना जोगिया उदयपुर सिद्धार्थनगर।**
**04.उ0नि0 चन्द्रशेखर पाण्डेय थाना जोगिया उदयपुर सिद्धार्थनगर।**
**05.का0 प्रदीप उपाध्याय, विकास सिंह थाना जोगिया उदयपुर सिद्धार्थनगर।**
**06. का0 राहुल मौर्या साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**
**07.म0का0 किरन वेदी थाना जोगिया उदयपुर सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट- दिनांक 03.09.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिड़ई की सक्रियता से ट्रेलर में लगी आग को बुझाया गया।**

**आज दिनांक 03.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव को सूचना मिली कि थाना शिवनगर डिडई और थाना रुधौली के बॉर्डर पर लहरौली नामक स्थान पर एक ट्रक में आग लग गई है। उक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक तत्काल घटनास्थल पर पहुंचें तो ज्ञात हुआ कि ट्रक(ट्रेलर) नंबर UP55AT5426 में आग लगी है तथा ट्रक चालक/मालिक अपना ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया है। जिस कारण सिद्धार्थनगर-बस्ती हाईवे मार्ग पर जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। तत्काल डीसीआर सिद्धार्थनगर व डीसीआर बस्ती से संपर्क स्थापित कर फायर सर्विस की गाड़ियां बुलवाई गई। मौके पर मौजूद जनता के तमाम लोगों द्वारा व पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। जिससे कोई अनहोनी नही हुई।**

**प्रेस नोट- दिनांक 03-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आगामी त्यौहार बारावफात के दृष्टिगत तहसील शोहरतगढ़ में थानाक्षेत्र शोहरतगढ़ के संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ थाना स्थानीय पर पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आज दिनांक 03-09-2025 को थाना तहसील शोहरतगढ़ में आगामी त्यौहार बारावफात /दुर्गा पूजा व चल रहे गणेश चतुर्थी व होने वाले श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन दृष्टिगत त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, सम्भ्रान्त व्यक्तियो, धर्मगुरुओं/सदस्यों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गई। सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक, त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन/उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त आदेश/निर्देश से अवगत कराया गया। उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।**

**प्रेस नोट- दिनांक 03-09-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में त्यौहार वारावफात तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 03.09.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार वारावफात, अनन्त चतुर्दशी तथा विश्वकर्मा पूजा के दृष्टिगत व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।**